भारत डायनामिक्स लिमिटेड

(रक्षा मंत्रालयके अंतर्गत भारत सरकार का उद्यम)

निगम कार्यालय : गच्चीबाउली, हैदराबाद

बीडीएल/104/बीडी-सीसी/04 दि. 06.03.2026

प्रेस-विज्ञप्ति

कमोडोर सुजय कपूर (से.नि.) ने बीडीएल के निदेशक (उत्पादन) का पदभार संभाला

कमोडोर सुजय कपूर (से.नि.)

निदेशक (उत्पादन), बीडीएल

कमोडोर सुजय कपूर (से.नि.) ने भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) (रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का प्रमुख सार्वजनिक रक्षा उपक्रम) के निदेशक (उत्पादन) का कार्यभार ग्रहण किया है।

बी डी एल में अपनी इस नियुक्ति से पहले कमोडोर कपूर ने नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली में कमोडोर (आयुध उत्पादन व देशीकरण) के पद पर अपनी सेवाएँ दीं। एम बी ए, एम एस सी व रक्षा तथा सामरिक अध्ययन में एम.फिल., की उपाधियाँ प्राप्त कमोडोर सुजय कपूर मूलत: मेकानिकल इंजीनियर हैं। इन्हें भारतीय नौसेना के विभिन्न विषय-क्षेत्रों में तीन दशक से भी अधिक का गहन अनुभव प्राप्त है।

नौसेना में अपने कार्य-काल के दौरान कमोडोर कपूर ने आयुध निर्माणी / सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम और डी आर डी ओ प्रयोगशालाओं के साथ मिलकर हाइली काम्प्लेक्स फ्यूज़ व इनके लॉंचर सहित पनडुब्बी रोधी रॉकेट, मिसाइल रोधी डिफेंस रॉकेट व इनके लॉंचर, संरक्षा तथा आर्मिंग मेकानिज़्म / फ्यूज़ सहित जटिल मिसाइल व टॉरपीडो विस्पोटक, टॉरपीडो व मिसाइल इलेक्ट्रॉनिक घटक, टॉरपीडो डिकॉय व इनके लॉंचर, नेवल माइन, जान बचाने वाली पायरोटेकनीक स्टोर, एयरक्राफ्ट पॉवर कैट्रिज इत्यादि के सफल देशीकरण में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

इन्होंने आयुध निर्माणी तथा कुछ एम एस एम ई सहित नौसेना संस्थापन व उत्पादन एजेंसियों की आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत गुणता प्रबंधन प्रणाली लागू की है जिससे प्रॉसेस विश्वसनीयता, अनुपालन व परिचालनीय तैयारी और मजबूत आयी।

वेलिंगटन के विख्यात डिफेंस सर्विसेज़ स्टाफ कॉलेज और गोवा के नेवल वॉर कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी रहे कमोडोर कपूर को सामरिक कुशग्रबुद्धि के साथ-साथ परिचालनीय विशेषज्ञता प्राप्त है। उनका अनुभव उन्हें फील्ड-लेवल की वास्तविकता को उच्च स्तरीय सामरिक योजना के साथ-साथ विशेषकर देशीकरण को बढ़ावा देते हुए सशस्त्र सेनाओं की युद्धसन्नद्धता को बढ़ावा देने की एक विशेष प्रकार की विशेषज्ञता प्रदान करता है।

---XXX---